(209)

संख्या-644/2018/1704/69-1-18-14(आसरा-37)/2013

प्रेषक,

अनिल कुमार बाजपेयी,
विशेष सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
राज्य नगरीय विकास अभिकरण,
उ0प्र0, लखनऊ।

आसरा-37 8130/dS 19/12/18
उ0प्र0

नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग।

लखनऊ : दिनांक : 18 दिसम्बर, 2018

विषय: शहरी गरीबों के लिये अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना"(आवासीय भवन) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2018-19 में अनुदान संख्या-37 से जनपद-उन्नाव की निकाय-रसूलाबाद की सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 74 आवासों की 01 पुनरीक्षित परियोजना की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3409/76/एक/आसरा/कार्यक्रम/15-16/74, दिनांक 14 सितम्बर, 2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरी गरीबों के लिए अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों तथा नगरीय मलिन बस्तियों में "आसरा योजना" (आवासीय भवन) के अन्तर्गत अनुदान संख्या-37 से सामान्य वर्ग के लाभार्थियों हेतु जनपद-उन्नाव की बांगरमऊ की 46 आवासों, निकाय-रसूलाबाद की 74 आवासों, पुरवा की 145 आवासों एवं न्योतनी की 110 आवासों अर्थात् कुल 375 आवासों की पृथक-पृथक 04 परियोजनाओं हेतु शासनादेश संख्या-1488/69-1-13-14(आसरा-37)/2013, दिनांक 18 नवम्बर, 2013 द्वारा रू0 1063.50 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अर्थात रू0 531.75 लाख, जिसमें जनपद-उन्नाव की निकाय, रसूलाबाद की उक्त परियोजना हेतु रू0 101.38 लाख की धनराशि भी सम्मिलित है, की वित्तीय स्वीकृति एवं जनपद-उन्नाव की निकाय, रसूलाबाद की उक्त परियोजना की द्वितीय किश्त के रूप में रू0 101.38 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-406/2016/182/69-1-16-14(आसरा-37)/2013, दिनांक 31 मई, 2016 द्वारा जारी की गई थी। अतएव जनपद-उन्नाव की निकाय-रसूलाबाद की 96 आवासों के सापेक्ष सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 74 आवासों की 01 पुनरीक्षित परियोजना के कार्यों को पूर्ण करने हेतु रू0 381.40 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति सहित उक्त के सापेक्ष निम्नलिखित तालिका के स्तम्भ-9 में अंकित अवस्थापना सुविधाओं सहित मूल्यवृद्धि के रूप में देय अन्तर की धनराशि रू0 178.64 लाख (रू0 एक करोड़ अठहत्तर लाख चौसठ हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय निम्नलिखित शर्तों/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं:-

(धनराशि लाख रूपये में)

| क्र0 सं0 | जनपद/ निकाय का नाम/ कुल आवासों की संख्या | मूल परियोजना की कुल आवासीय लागत। | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों की संख्या | सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के आवासों हेतु परियोजना मूल आवासीय लागत। | परियोजना हेतु प्रथम/ द्वितीय किश्त के रूप में अवमुक्त कुल धनराशि। | पुनरीक्षित परियोजना की कुल लागत। | अवस्थापना सुविधाओं सहित सामान्य वर्ग के लाभार्थियों के 74 आवासों हेतु परियोजना की कुल पुनरीक्षित लागत। | स्वीकृत की जा रही मूल्यवृद्धि के रूप में देय अन्तर की धनराशि (अवस्थापना सुविधाओं सहित) (8-6) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | उन्नाव/ रसूलाबाद-96 आवास | 263.04 | 74 | 202.76 | 202.76 | 494.79 | 381.40 | 178.64 |
| योग | | | | | | | | 178.64 |

(रूपये एक करोड़ अठत्तर लाख चौसठ हजार मात्र)।

-2/

EC/प्रथम प्रति AE को
19/12/18

12444

